फ्रांस के राष्ट्रपति महामहिम इमैनुएल मैक्रों के सम्मान में आयोजित भोज में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, 26 जनवरी, 2024

यह कई मायनों में एक ऐतिहासिक और यादगार क्षण है। शायद ही कभी ऐसा हुआ होगा, कि दो देशों के नेता, लगातार एक-दूसरे के राष्ट्रीय दिवस परेड और समारोह में मुख्य अतिथि रहे हैं।

हमारी दोस्ती की गहराई और हमारी साझेदारी की मजबूती का, 14 जुलाई 2023 और 26 जनवरी 2024 से बेहतर कोई प्रतीक नहीं हो सकता।

आज भारत का 75वां गणतंत्र दिवस है। आज ही के दिन, भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त करने के केवल दो वर्ष बाद, विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान लागू किया। इससे भारत एक गणतंत्र बना। हम भारतवासियों के लिए यह कोई नई शासन व्यवस्था नहीं थी, क्योंकि हम सहस्राब्दियों से गणतंत्र की अवधारणा से परिचित थे।

इस प्रबुद्ध संविधान ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में हमारी यात्रा को आकार दिया है। इसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे विविध समाज को, एक साथ जोड़ कर रखा है। यह हमारी सामाजिक और आर्थिक प्रगति का मार्गदर्शक रहा है। स्वतंत्रता (Liberty), समता (Equality), बन्धुता (Fraternity) और न्याय (Justice) इसकी आधारशिला हैं।

राष्ट्रपति महोदय, इन मूल्यों का उत्सव मनाने के लिए, फ्रांस से बेहतर मित्र कौन हो सकता है! आपके देश के निवासियों ने दो सौ साल से भी पहले, इन्हीं मूल्यों

का आह्वान किया, अपने देश को एक गणतंत्र का स्वरूप दिया, और विश्व भर में असंख्य लोगों को प्रेरित किया।

हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, कि जिन मित्रों ने आजादी के बाद की हमारी यात्रा की सबसे कठिन चुनौतियों में हमारा साथ दिया, वे आज हमारे साथ इस महत्वपूर्ण अवसर पर मौजूद हैं।

लेकिन, हमारे संबंध इससे भी ज्यादा गहरे और पुराने हैं। इतिहास की विभिन्न परिस्थितियों में, हमारे लोगों ने अपने विचारों और आदर्शों से एक-दूसरे को प्रेरित किया। हमने दर्शन, साहित्य, कला, धर्मग्रंथों, भाषाओं - और यहां तक कि रत्नों, आभूषणों और सूत्रकला के माध्यम से, एक दूसरे को समृद्ध किया है।

एक तरफ यदि Champs Elysees और कर्तव्य पथ पर मार्च कर रहे हमारे सैनिक हमारी एकजुटता का प्रतीक हैं, तो दूसरी ओर Eiffel Tower पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, या Gateway of India पर Dior fashion show का आयोजन, हमारे गहरे संबंधों को दर्शाते हैं।

Paris भारतीय पर्यटकों के लिए एक प्रिय गंतव्य है। ऐसे ही, फ्रांस, विदेशों से भारत में पर्यटन आय में शीर्ष योगदानकर्ताओं में से एक है। पिछले साल, चार प्रमुख Paris संग्रहालयों ने भारतीय प्रदर्शनियों की मेजबानी की।

खान-पान के मामले में भी, हम अपनी-अपनी विशेषताओं से एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं। जिस तरह फ्रांस में प्राचीन भारतीय भाषाओं और वैदिक अध्ययन के दिग्गज विद्वान हैं, उसी तरह भारतीय विद्यार्थियों में फ्रेंच भाषा बहुत लोकप्रिय है।

Cinema की तरफ देखें, तो वहां भी, भारत और फ्रांस जुड़े हुए हैं। चाहे वह हमारे प्रख्यात निर्देशकों पर French New Wave का प्रभाव हो, या Cannes के red carpet पर भारतीय फिल्मों और सितारों की बढ़ती उपस्थिति।

पिछले साल अगस्त में, मुझे पुडुचेरी जाने का अवसर मिला, जहां मैंने विविध सांस्कृतिक धाराओं का अनोखा मिश्रण देखा। पुडुचेरी की वास्तुकला, त्यौहार और जीवन शैली एक जीवंत परंपरा है, जहां फ्रांसीसी प्रभाव भी देखने को मिलता है। वहां के लोगों का फ्रांस के प्रवासी भारतीय समुदाय से भी गहरा संबंध है। मुझे वहां अनुभव हुआ, कि दरअसल, पुडुचेरी फ्रांस और भारत के बीच दोस्ती का जीवंत पुल है।

देवियो और सज्जनो,

हस्तशिल्प से लेकर अंतरिक्ष तक, भारत और फ्रांस भविष्य की ओर एक साथ अग्रसर हैं।

हम साथ मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहे हैं, जो हमारे लोगों, विशेषकर हमारे युवाओं के लिए, मायने रखता है। एक आशापूर्ण भविष्य: समान अवसरों का, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का, अनुसंधान और नवाचार का, और स्वच्छ वातावरण का। हम निर्माण कर रहे हैं मजबूत और सफल फ्रांस का, सुरक्षित और विकसित भारत का, और एक शांतिपूर्ण विश्व का।

राष्ट्रपति महोदय, हमारे प्रधान मंत्री के साथ, आपने 2047 तक भारत के अमृतकाल के लिए हमारी साझेदारी की एक महत्वाकांक्षी vision की रूपरेखा तैयार की है। आज हमारे साथ आपकी उपस्थिति ने इस vision को पूरा करने के लिए हमारे उत्साह को और बढ़ा दिया है।

आज, हम दुनिया के सामने एक साथ खड़े हैं: दो महान गणतंत्र, जिनका मानव प्रगति में विशिष्ट योगदान है। जो विचारों में स्वतंत्र, नीतियों में जिम्मेदार, और दुनिया की जरूरतों के प्रति संवेदनशील हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी मित्रता की सहजता, और हमारे साझेदारी की ताकत, हमारे भविष्य की यात्रा को उज्ज्वल करेगी।

इन शब्दों के साथ, महामहिम, देवियो और सज्जनो, आइए हम सब मिल कर:

- महामहिम के अच्छे स्वास्थ्य और कल्याण,
- फ्रांस के लोगों की निरंतर प्रगति और समृद्धि,
- और भारत और फ्रांस के बीच दोस्ती को हमेशा बनाये रखने के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद।